हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 निगम कर्मचारियों ने वेतन समय पर मिलने की...



07 नपाध्यक्ष ने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया, गंदगी पर...



## खबर संक्षेप में

### समाधान योजना : बकाया बिल जमा करने पर मिलेगी छूट



**नलखेड़ा।** शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु संचालित समाधान योजना में जिले के वितरण केन्द्रों पर शिविर लगेंगे। जिनमें 3 माह से अधिक घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है, इसमें बिल भुगतान करने पर अधिभार में छूट प्रदान की जाएगी। अधीक्षण यंत्री, म.प्र.प.क्षे.वि.वि. कम्पनी ने बताया कि वितरण केन्द्र नलखेड़ा शहर और ग्रामीण पर 23 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र जयसिंहपुरा और बड़ौद पर 24 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र तनोड़िया और कानड़ पर 25 दिसम्बर को, वितरण केन्द्र मोड़ी, आगर शहर और ग्रामीण पर 26 दिसम्बर को शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर संबंधित वितरण केन्द्र परिसर में आयोजित होगा। जिसमें विद्युत बिल उपस्थित होकर अपने बकाया बिलों को जमा कर सरचार्ज पर छूट प्राप्त कर सकते हैं।

### शिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्या का हो रहा निराकरण

**नलखेड़ा।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों के वार्डो एवं ग्राम पंचायतो में कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। जिलेभर में आयोजित शिविरों में नागरिक बड़े उत्साहपूर्वक भाग लेकर अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण करवा रहे हैं। सोमवार को नगर परिषद बड़ागांव के वार्ड 7,8, आगर के वार्ड क्रमांक 6,7,8,9, पुराना थाना परिसर सोयतकला, ग्राम पंचायत पालखेड़ी व अन्य स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। शिविर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर नागरिकों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए और मोके पर निराकरण किया गया। साथ ही मौके पर निराकरण न होने वाले आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु आश्वस्त किया जा रहा है।

### 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं फरवरी में टाइम टेबल जारी

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसके तहत बोर्ड पैटर्न पर होने वाली कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी को समाप्त होगी और 8वीं की 28 फरवरी को। दोनों परीक्षाएं दोपहर 2 से 4:30 बजे तक चलेंगी। प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केंद्र ने तैयार कराए हैं। इन्हें जिला स्तर पर प्रिंट कराकर केंद्रों तक भेजा जाएगा। डीपीसी आरआर उइके के अनुसार राज्य स्तर से परीक्षा के निर्देश मिले हैं। टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। टाइम टेबल के अनुसार 5वीं का पहला पेपर 20 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी का होगा। 21 फरवरी को गणित या संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए), 23 फरवरी को द्वितीय भाषा अंग्रेजी या हिंदी, 25 को पर्यावरण अध्ययन, 26 को अतिरिक्त भाषा का पेपर होगा। अतिरिक्त भाषा में हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, चित्रकला (मूकबधिर परीक्षार्थियों के लिए) शामिल होंगे।एक ओर जहां राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का किया गया संपन्न

# 'महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने भारत को अतुलनीय गौरव प्रदान किया'







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा व्याख्याता डॉ सुखदेव बैरागी थे। अध्यक्षता आचार्य जगदीश राठौर ने की। विशेष अतिथि आचार्य नितेश जैन रहे।

श्रीनिवास रामानुजन का जन्म परिचय भैया मनदीप धाकड़ ने कराया जिसमें कहा कि श्रीनिवास रामानुजन बहुत ही गरीब घर के विद्यार्थी थे उन्होंने अपने जीवन में कई उपलब्धियां प्राप्त की। बहिन वैदिका दोवड़ा ने गणित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए उनके द्वारा कहा गया कि गणित का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। शून्य दिया जब भारत ने तब दुनिया को गिनती आई तारो की भाषा भारत ने दुनिया को सबसे पहले सिखलाई दशमलव न देता भारत अगर तो चांद पर जाना मुश्किल था। धरती और चांद की दूरी का पता लगाना मुश्किल था। विद्यालय के बौद्धिक प्रमुख अनिल शर्मा द्वारा गणित विषय से संबंधित प्रश्न भैया बहिनों से पूछे तथा सही उत्तर बताने वाले भैया बहिनों का सम्मान किया गया। एकादशी गणित की छात्रा बहिन महिमा सेन ने गणित से संबंधित भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि गणित से डरने की आवश्यकता नहीं है गणित से दोस्ती कीजिए ये गणित आपको जीवन में कई उपलब्धियां देगा।

इसी प्रकार कक्षा दशमी की बहिन प्रतिज्ञा यादव ने गणित के अंक पाई के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में भैया बहिनों द्वारा विज्ञान गणित के मॉडल बनाकर उनकी प्रदर्शनी लगाई तथा अपने मॉडल का वर्णन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ बैरागी द्वारा मार्गदर्शन किया गया जिसमें कहा कि रामानुजन के सामने कई चुनौतियां होने के बाद भी उन्होंने शून्य से लेकर अनंत तक की यात्रा की भारतवर्ष के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि गैर-गणितीय विषयों में उनकी रुचि न होने से वह 12वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे। जिस स्कूल में वो 12वीं में दो बार फेल हुए आज उस स्कूल का नाम रामानुजन के नाम पर है। रामानुजन ने 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। उन्होंने कई थ्योरम विकसित की। कई फॉर्मूले बनाए। बेहद कम उम्र में उन्होंने अपने मैथ्स के जादू से दुनियाभर के गणितज्ञ को हैरान कर दिया।

#### माधवकुंज पर भी मनाया

*स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर माधवकुंज में भी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन के जीवन के सम्बंध में बताया गया। साथ ही वैदिक गणित के माध्यम से गुणा विधि तथा रामानुजन वर्ग के बारे में बताया। जिसे रामानुजन ने अपनी जन्म तिथि से बनाया था। साथ ही विद्यार्थियों को अपनी जन्म तिथि से वर्ग बनाना भी सिखाया। इसके पश्चात गणित विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिसमें सही उत्तर देने वाले भैया-बहनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा गणित से संबंधित विभिन्न मॉडल तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई गई तथा अपने-अपने मॉडलों का सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया गया।*

### शासकीय कन्या उमा विद्यालय में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस



**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय शासकीय कन्या उमा विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा के दौरान गणित विषय के शिक्षक मुकेश चौरसिया ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीनिवास रामानुजन ने भारत को अतुलनीय गौरव प्रदान किया। श्रीनिवास रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारको में गिना जाता है। श्रीनिवास रामानुजन केवल 33 वर्ष जिये। लेकिन इतने कम समय मे ही उन्होंने गणित की कई जटिल रिसर्च पूरी की।इन्होंने स्वयं से ही गणित सीखा एवं गणित का किसी से भी प्रशिक्षण नही लिया। रामानुजन जी के द्वारा गणित संबंधित किये गए अधिकांश कार्य अभी भी कई वैज्ञानिकों के लिए अबूझ पहेली बने हुए है। रामानुजन के शोधों की तरह उनके गणित में काम करने की शैली भी विचित्र थी। इन्होंने अपने जीवन काल मे 3884 गणित की प्रमेयों का संकलन किया। इनमे से अधिकतर प्रमेय सिद्ध किये जा चुके है। इनके संख्या सिद्धांत पर अद्भुत काम करने के कारण इन्हें संख्याओ का जादूगर कहा जाता है। श्रीनिवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ भी कहा जाता है। गणित का जिक्र श्रीनिवास रामानुजन के बिना अधूरा है। शिक्षक पंकज कारपेंटर ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन का जन्म मध्यमवर्गीय परिवार में होने के बावजूद उन्होंने दृढ़ संकल्प शक्ति के द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा साधन की नहीं संकल्प की मोहताज होती है। प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी एवं उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर ने छात्राओं को विलक्षण प्रतिभा के धनी श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेने एवं कठिन परिश्रम कर जीवन में सफलता प्राप्त करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलन कर श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

# राज्य शिक्षक संघ ने निकाली रैली, मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समस्त शिक्षक शासकीय खेलकूद संस्थान भोपाल नाका परिसर पर एकत्रित होकर आगामी रणनिती को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और रैली निकालकर जिलाधीश प्रतिनिधि धीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि उमेश सिंह राठौड़ कनिष्ठ लेखा परीक्षक को निम्नलिखित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया।

जिसमें प्रमुख मांग नवीन शिक्षक संवर्ग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जावे। जिले में प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक के क्रमोन्नत एवं समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी किया जावे।

सरकारी विद्यालय में शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठा पूर्वक कार्य करते हैं, इसी का परिणाम है कि प्रदेश में प्रवीण सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अग्रणी रहते हैं। इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए इ-अटेंडेंस अव्यावहारिक है, जिसे तत्काल बंद किया जावे। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन संरक्षक, सुरेश गुप्ता, जागेश्वर भगत, यशवंत ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, रमन तिवारी, महेंद्र सोलंकी, सम्राट ढोके, जगदीश मालवीय, इन्दर सिंह ठाकुर, एस.एस.परिहार, गोपाल ठाकुर, कृपाल ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द जामलिया, डी.एस.राणा, ब्रजेश शर्मा, बाबूलाल धुर्वे, सुखदेव धुर्वे, आर.व्ही.उदयपुरिया, चुन्नीलाल परमार, अनोखीलाल परमार, जगदीश राठौर, रवि शर्मा, ओमप्रकाश सेन, प्रेमराज जाट, राजेन्द्र तिवारी, अतुल सेन, गुलाब वर्मा, गोपाल वर्मा, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, देवेन्द्र पटेल, मुकेश वर्मा, स्वरूप गोफनिया, रामसिंह जलोदिया, अनिल कलमोदिया, अबरार सिद्दिकी, जहीर, विरेन्द्र व्यास, सुबोध, निरज त्यागी, राजेश कसोटिया, घनश्याम दोगने, विनोद मालवीय, आशीष शर्मा, राजेश राठी, सतीष राठी, सुरेश मण्डलोई, राजेश मण्डलोई, जगदीश वर्मा, नरेश गौर, पुरुषोत्तम पचवारिया, राधेश्या मीना, अनिल नरोलिया, देवेन्द्र राठौर, भैय्यालाल महोबिया आदि उपस्थित रहे।

### शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिए टिप्स

**सीहोर।** शीतलहर और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की नियमित जानकारी रखने और उनका पालन करने को कहा गया है। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, घर के अंदर रहने तथा ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहने की अपील की गई है। नागरिकों को ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनकर सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखने, विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी।

# जिले में कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज, दृश्यता कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में रविवार को कड़ाके की ठंड ने लोगों की नींद उड़ा दी। जिले में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे शीतलहर का असर बढ़ गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम रही और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया।

**तीन दिन से लगातार छा रहा कोहरा :** मौसम विभाग के अनुसार, लगातार तीसरे दिन जिले में घना कोहरा छाया रहा। खेतों में ओस की बूंदें जम गईं और सुबह का नजारा बेहद ठंडा रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बर्फबारी हो रही है। ये सर्द हवाएं मध्य प्रदेश तक पहुंच रही हैं, जिससे तापमान लगातार नीचे जा रहा है।



डॉ. तोमर ने आगे कहा कि अगले दो दिन भी उत्तर दिशा से बर्फीली हवाएं चलने से ठंड जारी रहेगी। मावठे (बारिश) की संभावना भी है, जिससे तापमान और गिर सकता है। सीहोर में करीब एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी और तब से न्यूनतम तापमान लगातार नीचे आ रहा है। इस ठंड से जिले के लोग काफी प्रभावित हैं और सुबह-सुबह घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

### दूसरे दिन भी किसानों ने थामा अग्निपीड़ितों का हाथ

# आधा दर्जन गांव के किसान अग्निपीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आए, जुटाई 25 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात लगी भीषण आग ने दो सगे भाइयों इकबाल और इरफान की पूरी दुनिया पलभर में राख कर दी थी। आधी रात करीब तीन बजे उठी लपटों ने घर, अनाज, नकदी, जेवरात और वर्षों की मेहनत को निगल लिया। आग इतनी विकराल थी कि ग्रामीणों के अथक प्रयास भी नाकाम रहे। जब सुबह हुई तो दो परिवार खुले आसमान के नीचे थे।



आंखों में आंसू, चेहरों पर सन्नाटा और दिलों में अनगिनत सवाल थे, लेकिन इस अंधेरे के बीच इंसानियत की रोशनी बुझी नहीं। पहले दिन ग्रामीणों द्वारा जुटाई गई 16 हजार की सहायता के बाद, दूसरे दिन भी आसपास के पांच से छह गांवों के किसान और ग्रामीण आगे आए। चंदेरी के समाजसेवी व किसान एमएस मेवाड़ा स्वयं आगे रहकर सहायता राशि देने की शुरुआत की। मेवाड़ा की प्रेरणा से रामाखेड़ी के किसान मोतीलाल, बिलकिसगंज के प्रीतम मेवाड़ा, मांगीलाल परमार, खामखेड़ा के रावतिया पटेल, सीलखेड़ा के प्रेम बरेला,रत्नाखेड़ी के पप्पू पटेल सहित अन्य किसानों ने मिलकर 25 हजार रुपये की राशि जुटाई। इस तरह दो दिनों में जनसहयोग से कुल 41 हजार रुपये अग्निपीड़ित परिवारों को सौंपे गए, ताकि वे जीवन की नई शुरुआत कर सकें।

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# 'ई-अंटेडेंस के आधार पर ही शिक्षकों का वेतन भुगतान हो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों का वेतन ई-अटेंडेंस के आधार पर ही भुगतान हो। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न करने वाले शिक्षकों का वेतन रोका जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को टीएल बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने बैठक में शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में समीक्षा कर अधिकारियों को अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेमनारायण परमार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। तहसीलदारों को चेतावनी दी कि 1 अक्टूबर से पूर्व के लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का 26 जनवरी से पूर्व अनिवार्य रूप से निराकरण कर दिया जाए अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत नागरिकों को समय सीमा



में सेवाएं प्रदान करें, समय पर सेवाएं प्रदान न करने वाले अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुशासन सप्ताह में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। शिविरों की पूर्व सूचना ग्रामीणों को देकर अधिकाधिक नागरिकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभागों का मैदानी अमला शिविर में उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने सभी सीएमओ एवं सीईओ जनपद को निर्देश दिए की शिविर में प्राप्त आवेदन एवं निराकृत आवेदनों को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन समीक्षा हुई। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन निराकरण में जिन अधिकारियों द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। जिन विभागों के अत्यधिक शिकायतें लंबित है, उन्हें एक सप्ताह में निराकरण करने और अपेक्षित प्रगति न लाने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने आधार लिंक, फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### निर्वाचन कार्यों को गंभीरता से लें


कलेक्टर ने बैठक में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2025 की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन कार्यो को गंभीरता से ले, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें, जो निर्वाचन दायित्व दिए गए है, उन्हें आयोग के निर्देशन में समय सीमा में त्रुटीरहित पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी किसी भी स्थिति में प्रशिक्षण एवं बैठकों से अनुपस्थित ना रहे। आज बैठक में अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने बताया कि 24 दिसंबर को मतदान दलों का प्रशिक्षण होना है, इसके लिए प्रशिक्षण संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। प्रशिक्षण में सभी मतदान कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।उन्होंने मतदान केंद्र पर मिनिमम एश्योर्ड फैसिलिटी की समीक्षा कर सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों का विजिट कर केंद्रों पर विद्युत, दो गेट, रैंप आदि सभी व्यवस्थाएं देखें, जो भी कमी है वह तत्काल दूर करवाए। सेक्टर अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी एक दूसरे के समन्वय से कार्य करें। सभी एक दूसरे के मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान कर ले और कॉल रिसीव भी करे। कानून व्यवस्था हेतु प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। कलेक्टर ने सभी निर्वाचन संबंधी आदेशों को संबंधित ग्रुप में साझा करने, कंट्रोल रूम की समस्त जानकारी सेक्टर अधिकारियों को उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक कार्य की वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मतदान कर्मियों एवं मतदान के दिन लगने वाले वाहनों की व्यवस्था हेतु जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए गए।

### नलखेड़ा में भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज मंगलवार को दोपहर 1 बजे मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित भंडारा परिसर में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विधानसभा मीडिया प्रभारी मुकेश हरदेनिया ने बताया कि यह आयोजन संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर महत्वपूर्ण रहेगा। सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय एवं जिला एसआईआर प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दोनों वरिष्ठ नेता सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं को संगठन अनुशासन एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस सम्मेलन में जिले के समस्त जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सरपंच पार्षद जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य त्रिदेव पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

## सीआईएसएफ की ट्रेनिंग पूर्ण कर लौटे चन्द्रवंशी का नगर में हुआ स्वागत



**भौंरासा।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल CISF (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ) में प्रशिक्षण पूर्ण करके ग्राम मिर्जापुर निवासी राजेश चंद्रवंशी के पुत्र योगेश चंद्रवंशी का प्रथम बार नगर भौंरासा व ग्राम मिर्जापुर में आगमन पर ग्रामीणो केद्वारा भव्य स्वागत किया गया। योगेश चंद्रवंशी का भौंरासा मे स्थित चोपड़े से एक जुलूस निकाला गया जिसका नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, अर्जुन सिंह गुर्जर,अबरार गांधी,भौरासा मिर्जापुर के नेतृत्व में कमल पटेल, ईश्वर गुर्जर, अरविंद गुर्जर, सुनील गुर्जर, विशाल गुर्जर, नारायण सिंह गुर्जर ,अरविंद जलवाया ,अनिल परमार ,सीताराम चंद्रवंशी,अखिलेश चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, प्रमोद झवर, रमेश चौहान, मनोहर मालवीय आदि लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आज

**देवास।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवास ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 23 दिसम्बर को होगा। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियां 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह खातेगांव में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में हुए शामिल

# खेलों में राजनीति नहीं, बल्कि राजनीति में खेल भावना होनी चाहिए: शिवराज

### गरीब, किसान और जरूरतमंद तक हर योजना का लाभ पहुंचाया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को खातेगांव पहुंचें। यहां शिवराज सिंह चौहान ने सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताओं के विजेताओं और टीमों को पुरूस्कार वितरित किए। वहीं खातेगांव में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में शामिल होकर सरकार की अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। कार्यक्रम में विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, मैं विजेता टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं, खेल में दो टीमें खेलती हैं, तो एक जीतती है, एक हारती है, लेकिन हारने का मतलब परमानेंट हार नहीं है, जीत की नई शुरुआत है। ये तो नया शुभारंभ है और खेलो, और मेहनत करो। यथासंभव हम, उसके लिए जितने साधन उपलब्ध हो सकते हैं, उसकी व्यवस्था करने की भी कोशिश करेंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि, अगले साल और धूमधाम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### बच्चों के सर्वागींण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी प्रसन्न बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन खुद एक खेल है और इसे भी खेल की भावना से जीना चाहिए। यदि राजनीति में भी खेल भावना आ जाए तो आनंद और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि खेलों में राजनीति नहीं आनी चाहिए, बल्कि राजनीति में खेल भावना होनी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि गांवों में खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार पूरी कोशिश करेगी। बच्चों ने उनसे खेल मैदान और मैट जैसी सुविधाओं की मांग रखी है, जिसे गंभीरता से लिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर खेल संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूजा जाट, तनु जाट और सपना गुर्जर जैसी बेटियां पूरे देश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। यदि खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो खातेगांव–कन्नौद और आसपास के गांवों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ी निकल सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, बच्चे बेहतर पढ़ाई भी करें और खेलों में भी आगे बढ़ें। यह केवल शुरुआत है और आगे आने वाले समय में कमियों को दूर कर सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### गरीब, किसान और जरूरतमंद तक हर योजना का लाभ पहुंचें

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, उज्ज्वला योजना से जो बहनें अब तक वंचित रह गई हैं, उनकी पूरी सूची तैयार की जा चुकी है और एक-एक करके सभी को रसोई गैस कनेक्शन दिया जाएगा। जो बहनें अभी शेष हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है, सरकार सबको उज्ज्वला कनेक्शन देने का प्रबंध करेगी। चौहान ने किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि, हर किसान बड़े कृषि यंत्र नहीं खरीद सकता, इसी कारण कस्टम हायरिंग सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके तहत हार्वेस्टर, सुपर सीडर सहित आधुनिक कृषि मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि एक किसान खरीदे और कई किसानों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि, यह भारत सरकार और उनके मंत्रालय की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत आज भी कई मशीनों का वितरण किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पारंपरिक नहर और नाली से सिंचाई में पानी की बर्बादी होती है। इसे रोकने के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार की सब्सिडी योजनाओं के माध्यम से धीरे-धीरे हर किसान तक ड्रिप और स्प्रिंकलर पहुंचाए जाएंगे, जिससे पानी की बचत के साथ उत्पादन भी बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना और राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम जैसी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भी प्रदान की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि गरीब, किसान और जरूरतमंद तक हर योजना का लाभ बिना भेदभाव के पहुंचे।

## इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे मार्ग पर सड़क के बड़े हिस्से को पेचवर्क की आवश्यकता

### गड्ढे दे रहे सड़क हादसों को न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर यात्रा करना अब दूभर हो गया है। मार्ग पर कुछ हिस्से गड्ढों में तब्दील हो चुके है। हालांकि बार-बार खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराने के बाद कुछ हिस्सों में पेचवर्क किया गया था, लेकिन अभी भी ऐसे कई हिस्से है जहां पर पैचवर्क की आवश्यकता है। जिम्मेदार एनएचआई विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। मेंटेनेंस की जिम्मेदारी श्रीजी कंपनी को दी गई है जो की औपचारिकतापूर्वक पेचवर्क का कार्य कर रही है। चापडा नगर के डॉक्टर जेसी यादव, घनश्याम पाटीदार, प्रहलाद पाटीदार, संजय सूर्या आदि ने बताया कि इंदौर रोड पर साईं मंदिर से लेकर इकलेरा फाटे तक हाईवे मार्ग का एक तरफ का हिस्सा गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गड्ढे इतने खतरनाक है कि आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क से गुजरने वालों को दूर से गड्ढे नजर नहीं आते, लेकिन जैसे ही पास में वाहन जाता हैं गहरे गड्ढे नजर आते हैं यदि उसमें गाड़ी का पहिया उतरता है तो गाड़ी असंतुलित होकर गिर जाती है। लंबे समय से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक परेशान है। खास कर छोटे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के मनीष राठौर ने बताया कि गड्ढों के कारण कई छोटे कार चालकों को नुकसान उठाना पड़ा है। किसी का चैंबर फूट गया तो कई स्टीयरिंग की गुल्लीया टूट चुकी है, जिम्मेदारों के पास सिर्फ एक ही जवाब हमेंशा रहता है,कि पेचवर्क का कार्य चल रहा है, लेकिन पेचवर्क हो नहीं रहा है। इस संबंध में श्री जी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप सिंह से भी संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**चल रहा काम**

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर पेचवर्क का काम चल रहा है। काम में तेजी लाने का बोला है।

**मनीष मीणा,** डायरेक्टर एनएचएआई

### निगम ने की चालानी कार्रवाई

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में शहर की सफाई व्यवस्था में बाधक बन रहे लोगों पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा चालानी कार्रवाई की जाकर अर्थदण्ड भी वसूला गया। इसी कडी मे सुपर मार्केट स्थित मेघा साडी सेन्टर द्वारा 2 बडे बोरो अपने प्रतिष्ठान से सार्वजनकि स्थान पर फेंकने हेतु ले जाए जा रहे थे, जिसको निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार के द्वारा स्वच्छता निरीक्षक विजय सांगते के साथ मौके पर ही पकडा गया। अपने प्रतिष्ठान का कचरा सार्वजनिक स्थल पर फैंकने पर मेघा साडी सेन्टर पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।इसी कडी मे अमलतास अस्पताल के द्वारा निगम ट्रेंचिंग मैदान पर अस्पताल का वेस्ट मेडिकल कचरा डालने हेतु लाया गया। जिस पर निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार के द्वारा कचरे को वापस भेजा गया एवं रूपये 20 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया अस्पताल प्रबंधन द्वारा राशि जमा करने के बाद ही ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरा लिया जावेगा।इसी प्रकार वार्ड 36 मे न्यू इंडिया सर्विस सेंटर द्वारा सार्वजनिक ट्युबवेल से अवैध कनेक्शन कर दुकान संचालित की जा रही थी। निगम उपयंत्री राजेश कौशल, स्वच्छता निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड के द्वारा टीम के साथ कनेक्शन विच्छेद कर दुकान संचालक पर रुपये 7 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

### उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां समारोह का आयोजन 8 और 9 को

**देवास।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक 8 एवं 9 जनवरी 2026 को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए परियोजना अधिकारी जिला शहरी अभिकरण देवास स्मिता रावल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह में 08 जनवरी को प्रशांत मोघे इन्दौर द्वारा गायन, रूचा बेडेकर उज्जैन द्वारा सरोद वादन, आस्था गोस्वामी वृंदावन द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। 09 जनवरी को भरत नायक ग्वालियर द्वारा सितार वादन, आमीर खान भोपाल एवं अन्य साथी द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी एवं वर्षा बंसीवाल इन्दौर द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जायेगी।

## विधायक ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन विद्यालय का किया निरीक्षण, मिली अव्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम पंचायत भमोरी में 10 लाख से बनने वाली सीसी रोड निर्माण के लिए सोमवार को भूमि पुजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत भमोरी द्वारा इमली चोराहा से गोशाला तक बनने वाली लगभग 240 मीटर लंबी सीसी रोड़ का भूमिपूजन विधायक मुरली भंवरा,जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुरजमल मंडलोई, सोनु पाटीदार सरपंच लक्ष्मी बाई ने विधिवत पूजन कर गेती चलाकर भूमिपूजन सोमवार को किया। इस दौरान पंचायत कि ओर से विधायक मुरली भवंरा सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक भंवरा ने कहा की ग्राम पंचायत भमोरी में विकास कार्य मे कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। श्रीकृष्ण मंदिर जिर्णोद्धार की मांग पर विधायक ने सहयोग करने को आश्वासन दिया। गोशाला में चद्दर शेड निर्माण के लिए 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख देने का आश्वासन दिया है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय भमोरी के पास ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट करने हेतु स्टेटमेंट बनाकर राशि देने की बात कही। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, नारायण मंडलोई ने ज्ञापन सोप कर इन्दौर बैतूल नेशनल हाईवे से चांसिया हाटपीपल्या मार्ग को पीडब्ल्यूडी विभाग से पक्की सड़क बनाने की मांग की। इस दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय भमोरी का ओचक निरिक्षण किया गया। जहां पर शिक्षक शिक्षिकाओं की लापरवाही देखने को मिली है, जिसमें एक शिक्षिका ड्यूटी के दौरान मोबाइल चलाते हुए पाई गई उस दौरान विद्यालयीन समय में बच्चे बाहर खेल रहे थे,बच्चों की हाजिरी भी नहीं लगी थी। एक शिक्षक कि अटेन्डेस लगी पाई गई, लेकिन वह विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस पर विधायक ने उच्च अधिकारीयों को निर्देश देकर कार्यवाही करने निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र पाटीदार, भाजपा कार्यकर्ता तेज सिंह सेंधव, जसपाल सिंह सेंधव,पूर्व सरपंच हुकम पाटीदार, सचिव रामचरण विश्वकर्मा, रोजगार सहायक सचिव विकास गामी,प्रहलाद जाटव, गोवर्धन पाटीदार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निगम कर्मचारियों ने वेतन समय पर मिलने की मांग को लेकर महापौर प्रतिनिधि से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निगम कर्मचारियों के संगठन ने सोमवार को अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है। ज्ञापन की एक प्रति नेता सत्ता पक्ष मनीष सेन को भी दी गई।संगठन ने आरोप लगाया है कि नगर निगम कर्मचारियों को उनके वाजिब अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं और उनका लगातार शोषण किया जा रहा है। कर्मचारियों को हर माह समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।वेतन में देरी के कारण बैंक की किश्तें, बच्चों की फीस और अन्य जरूरी खर्च पूरे नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि निगम आयुक्त द्वारा कर्मचारियों के साथ तानाशाही और अपमानजनक रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। हाल ही में कुछ कर्मचारियों को निलंबित किए जाने और कुछ का वेतन रोके जाने को संगठन ने अन्यायपूर्ण बताया है। संगठन की प्रमुख मांगों में प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच नियमानुसार वेतन भुगतान, कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार बंद करना, समस्त सफाई कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण और ठंड के लिए स्वेटर-जैकेट उपलब्ध कराना शामिल है।इसके अतिरिक्त, संपत्ति कर शाखा के निलंबित कर्मचारियों को बहाल कर रोका गया वेतन देने, आउटसोर्स कर्मचारियों का पिछले तीन माह का लंबित वेतन तथा डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों और हेल्परों का भी तीन माह का बकाया वेतन शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### क्रिप्टो निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

# पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी की पूरी रकम की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




ऑनलाइन निवेश के नाम पर आम लोगों को भारी मुनाफे का सपना दिखाकर ठगने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्रिप्टो करेंसी में मात्र कुछ ही दिनों में रकम दोगुनी करने का लालच देकर की जा रही धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने तेज जांच और डिजिटल ट्रेल के आधार पर गिरोह तक पहुंच बनाते हुए 13 दिनों के भीतर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के दौरान न केवल ठगी की गई पूरी राशि बरामद की गई, बल्कि साइबर अपराध में इस्तेमाल किए गए मोबाइल उपकरण भी जब्त किए गए हैं।पूरे मामले की जानकारी एसपी पुनीत गेहलोद ने प्रेसवार्ता में दी। 6 दिसंबर को फरियादी चेतनसिंह सोलंकी उम्र 45 साल निवासी आनंद विहार कॉलोनी देवास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्हें 2 से 5 नवंबर तक अज्ञात आरोपियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में भारी मुनाफे का लालच दिया। किश्तों में झांसा देकर आरोपियों ने कुल 1,04,100 रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस 2023 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। एएसपी के मार्गदर्शन मे उक्त साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया को निर्देशित कर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण शुरू किया और डिजिटल ट्रेल का पीछा करते हुए मात्र 13 दिनों के भीतर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने तकनीकी डेटा के आधार पर उन बैंक खातों को फ्रीज करवाया जहां पैसा ट्रांसफर हुआ था। पुलिस ने पांच शातिर आरोपियों बबलू मकवाना उर्फ अजय, लखन पंवार, राहुल तोमर, अरीब अली खान उर्फ अली व अलवहीद खान उर्फ रूमी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपयों ने अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि उन्होंने अपनी पहचान छुपाकर फरियादी को क्रिप्टो पर निवेश कर लाभ दिलाने का लालच दिया था। आरोपीगण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। आरोपियों के कब्जे से संपूर्ण फ्रॉड की राशि कुल 1,04,100 रुपये तथा 6 एंड्रॉइड मोबाइल फोन कीमती करीबन 1,29,000 रुपए कुल 2,33,100 रुपए का माल बरामद किया गया है।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, उनि राकेश चौहान, नरेन्द्र अम्करे, गौरव नगावत, आर अजय जाट, राबी यादव, प्रआर रोहिणी अनोसे, साइबर सेल से प्रआर सचिन चौहान, शिव प्रताप एवं गीतिका कानूनगो की भूमिका रही।

## कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष चौधरी की उपस्थिति में निकली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार सुबह 8:00 बजे कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी नगर के बस स्टैंड पर पहुंचे। जहां स्थित पार्क में लगी तत्कालीन अजमेर राज्य के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी हरिभाऊ उपाध्याय की प्रतिमा की साफ सफाई कर जल से स्नान कराया गया। इसके पश्चात माल्यार्पण कर पार्क में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस दौरान बस स्टैंड से हाथों में तिरंगा लिए एक प्रभात फेरी भी निकाली गई। प्रभात फेरी का बड़े हनुमान चौक में राष्ट्रगान व संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, अफजल मंसूरी, कांतिलाल यादव, विजय सिंह ठाकुर, मूलचंद उस्ताद, प्रकाश मंत्री, देवी सिंह लोधी, अनिल जायसवाल सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### कंबल वितरण से चेहरे पर आई मुस्कान

**ललितपुर।** 21 दिसंबर 1965 का दिन जब एक ऐसे शख्स का जन्म हुआ। जिसने आज के दौर में अपनी मेहनत, लगनशीलता से अपने व्यापारिक क्षेत्र में उच्चतम उन्नति प्राप्त की साथ ही साथ अपनी दरियादिली से लोगों के दिलों में जगह बनाई, जिसने न केवल अपने परिवार का नाम उठाया, बल्कि समूचे समाज को एक समाजसेवा करने की एक नई दिशा प्रदान दी। नरसी कुलरिया अंदर उनके पिता संत दुलाराम कुलरिया के संस्कार बसते है। देश के कई राज्यों के लोग आज नरसी को अपना आदर्श मानते है। नरसी कुलरिया के जन्मोत्सव को मनाते हुये आज जनपद ललितपुर के ग्राम निवाहों जरूरतमंद लोगों को कम्बल बांटे गए। जिसमें वी5 अध्यक्ष विजय डयोडिया, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, पं.रमाकांत सिरोठिया, गगन जैन, मुकुट राजा, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, दीपेश यादव व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत शुरू

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में हनुमानजी मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा व्यास जयकुमार शास्त्री ने प्रथम दिवस कथावाचक ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन मुख्य रूप से कथा का महत्व बताया, जिसमें बताया गया कि यह भगवान विष्णु का ही स्वरूप है, जिसे सुनने से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है और यह मृत्यु के भय को दूर कर मोक्ष दिलाती है। कथा की शुरुआत अक्सर ब्रह्माजी द्वारा नारदजी को सुनाने और व्यासजी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाने के प्रसंगों से होती है, जिसमें ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप और आत्म-देव व धुंधकारी की कथा (धुंधकारी के मोक्ष का प्रसंग) भी सुनाई। इसके पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो हनुमान मंदिर से सटक चौराहा,काली बुउआ मन्दिर से होकर वापस हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ पर कथा व्यास का पूजन किया गया और कथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान सतीश चौबे, सपत्नी शारद चौबे, जगदीश प्रसाद तिवारी, हरिशंकर चौबे, रवि चौबे छोटे, गोलू चौबे, रोहित चौबे, शिवम अग्निहोत्री, दिव्यांश शर्मा, आशीष तिवारी, पप्पू राठौर समेत सभी मुहल्लेवासी आदि मौजूद रहे।

### व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

**ललितपुर।** ललितपुर-बीना रेल मार्ग पर सोमवार सुबह एक संविदा रेल कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली जाखलौन अंतर्गत ग्राम आलापुर निवासी 50 वर्षीय वीर सिंह पुत्र धीरज सिंह झांसी रेल मंडल में एक कंपनी के जरिए प्राइवेट कर्मी के रूप में कार्यरत था। रविवार रात वह रेल कर्मी मूलचंद के साथ जीरोन रेलवे स्टेशन से जाखलौन रेलवे स्टेशन तक रेल पटरियों पर पेट्रोलिंग करने गया था। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब वह जीरोन रेलवे स्टेशन और जाखलौन स्टेशन के मध्य ग्राम आलापुर के पास तीसरी लाइन पर था, तभी वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। उसे उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया, करीब दो घंटे बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### फोन पर महिलाओं को गालियां देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला बनयाना निवासी वन्दना पत्नी संदीप ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके मोबाइल पर उसकी सहयोगी महिलाओं में कुमारी पिंकी व कुमारी क्रान्ति के मोबाइल पर पिछले कुछ दिनों से एक अज्ञात व्यक्ति फोन करके गालियां दी जाती हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है।

---

सफाई कर्मचारियों को नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए

# नपाध्यक्ष ने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया, गंदगी पर कर्मियों को फटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने खिरकापुरा स्थित सुरई घाट शमशान घाट, हरदीला स्थित लाइट मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, स्वास्थ्य नायक सहित सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्थ दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं जेई व निर्माण लिपिक को श्मशान घाट के मरम्मतीकरण एवं सड़क डलवाने, श्मशानघाट में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए लाइट लगवाये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं ईलाईट शमशान घाट पर शुद्धता स्थल पर भगवान शंकर की मूर्ति स्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मोहल्ला खिरकापुरा में नपाध्यक्ष ने निर्माण विभाग की अवर अभियंता व लिपिक को निर्देशित किया गया कि गेट के पास नये चबूतरे का निर्माण कराया जाये, पानी की टंकी क्षतिग्रस्त व गंदगी पाये जाने पर टंकी की मरम्मत कराते हुए सफाई सफाई व्यवस्था एवं नलों में टोटियां लगाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा शोक सभा के लिए एक नवीन गृह बनाया जाये, शवदाह गृह के चबूतरे की टाईल्स की मरम्मत कराये जाने एवं सुरई घाट की रंगाई पुताई कराये जाने के निर्देश दिये गये।



#### श्मशान घाट में सोलर लाइट लगवाई जाए

नपाध्यक्ष ने मुख्य स्टोर लिपिक को निर्देशित किया कि शमशान घाट में जो भी लाईटे खराब पड़ी हुई है उन्हें तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाये, वहीं श्मशान घाट में सोलर लाइट लगवायी जाये। नपाध्यक्ष ने निर्देशित किया गया कि दाह संस्कार चबूतरे के बगल में दोनों तरफ खम्बे लगाकर लाईटे लगवायी जाये। इसके अलावा पेड़ों व झाडियों की छटाई करवाते हुए रोजाना शमशान घाट में साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मोहल्ला हरदीला में स्थित इलाईट शनशान घाट के निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष अवर अभियंता एवं निर्माण लिपिक को शमशान घाट के पास की रस्ता में पेवर ब्रिक्स लगाये जाने, शवदाह गृह चबूतरा की मरम्मत कराये जाने, नये टीनशैड लगवाये जाने, फुटपाथ की मरम्मत व पेवर ब्रिक्स लगाये जाने, शमशान घाट की बाउण्ड्री की रंगाई पुताई कराये जाने एवं पेड़ों की छटाई आदि किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

#### श्मशान घाट के चारों ओर सीसी सड़क बनाएं

नपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि श्मशान घाट के चारो ओर सीसी सडक, क्वारी आदि बनवाई जाये, इसके अलावा पीने के पानी के लिए बनी टंकी की मरम्मत करवाते हुए नलों में टोटियां आदि का कार्य कराया जाये। वहीं अध्यक्ष निर्देशित किया गया कि शमशान घाट पर तैनात कर्मचारियों से नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये, इसके अलावा तैनात चैकीदार को भी उचित देखरेख किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नपाध्यक्ष ने निर्देशित किया गया कि इलाईट शमशान घाट पर शुद्धता स्थल के पास भगवान शंकर जी की मूर्ति की स्थापना कराई जाये। इस दौरान मुन्नालाल जैन, करन कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद, राजेश कुमार जैन, जेई खुशबू खान, जितेन्द्र स्वरूप, महेन्द्र सिंह यादव, दीपेन्द्र कुमार, संजय कुमार, बद्री कुशवाहा, अमित कुमार रिंकू, स्वास्थ्य नायक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

अखंड ब्राह्मण महासभा समागम संपन्न

## समाज के एकजुट होने व उनके उत्थान पर विशेष जोर दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अखंड ब्राह्मण महासभा की नव नियुक्त कार्यकारिणी का मनोनयन कार्यक्रम एवं विप्र समागम का आयोजन तुवन मंदिर परिसर में हुआ। शुभारम्भ मुख्य अतिथि महन्त रामलखनदास महाराज, आदित्यानंद महाराज, मंजुल पुरोहित, सुनील पुरोहित, सुरेंद्र तिवारी व विशिष्ट अतिथि महंत योगी सत्यनाथ एवं लीलाधर दुबे ने संयुक्त रूप से किया। सनातन के प्रचार व समाज के एकजुट होने एवं उनके उत्थान पर विशेष जोर दिया गया समाज मे फैली कुरीतियों को दूर कर एकजुट रहने का आह्वान किया गया। धर्म कर्म से भटके हुए नवयुवकों को ब्राह्मण महापंचायत के माध्यम से उन्हें सही रास्ता दिखाया जाए और गाँव स्तर के आपसी मुद्दे है उन पर सुलह कराकर सभी सूत्र में पिरोने का कार्य महासभा करेगी। महासभा से जनपद के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्थाओ को सम्मानित किया। इस दौरान शासन से मान्यता प्राप्त पं. दिनेश कुमार संज्ञा को संगठन द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र पाठक, आशीष चौबे, मनीष तिवारी, आशीष, अजय नायक, अनुपम चौबे, सोनू, अनुराग गोस्वामी, अरविंद तिवारी, नेहा तिवारी, रेखा वैध, मनीष दुबे, राजीव बबेले सप्पू, ऋतु शर्मा, हेमंत द्विवेदी, प्रमोद कांकर, अनूप तिवारी, अजित नायक, गोपाल दुबे, नीरज, सोनू दुबे, दीपक नायक, दीपक पस्तोर, हरेंद्र रिछारिया, विनोद मिश्रा, शैलेन्द्र पुरोहित, सुधाकर दीक्षित, जागेश दीक्षित, सतेंद्र पस्तोर, हरीमोहन गोस्वामी, आशीष तिवारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने की। संगठन प्रमुख मंजुल पुरोहित ने मंडल प्रभारी सुनील पुरोहित को महासभा के बुंदेलखंड अध्यक्ष मनोनीत कर नई जिम्मेदारी सौंपी। अंत में जिला प्रवक्ता गोपाल दुबे ने आभार जताया।

---

भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम

## जनपद स्तरीय निबंध, भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिताएं संपन्न

**ललितपुर।** नगर के रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत जिला स्तरीय निबंध, भाषण एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा विभाग नोडल अधिकारी प्राचार्य प्रो. केशवदेव ने अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया किया। तत्पश्चात प्रतियोगिताएं प्रारंभ की गई। प्रतियोगिता में विकासखंड एवं महाविद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में डा.डी.के. साहू, डा.गजेंद्र नाथ, डा. सुधाकर उपाध्याय, डा.अखिलेश बबेले, जयशंकर प्रसाद दुबे, रमेश तिवारी, डा.करुणाकर शर्मा, डा.स्वीकृति सिंह, हरिशंकर तिवारी निर्णायक रहे। भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता का विषय अटल एवं सुशासन, जबकि एकल का प्रतियोगिता का विषय अटल जी का जीवन एवं उनकी कविताएं रहा। निबंध प्रतियोगिता में जिला परिषद इंटर कॉलेज पाली की छात्रा कल्पना ने प्रथम, भूपेंद्र अहिरवार, जीआईसी ने द्वितीय तथा अनु तिवारी, रामकली देवी इंटर कॉलेज मड़ावरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंशिका तिवारी, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय ने प्रथम महक राजा, नेहरू महाविद्यालय ने द्वितीय तथा अनुराग, राजकीय मॉडल महाविद्यालय पुलवारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रिंसी दुबे नेमवि ने प्रथम, अंशिका नामदेव, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय ललितपुर ने द्वितीय तथा राजनंदिनी, राजकीय मॉडल महाविद्यालय पुलवारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वक्ताओं ने विकसित भारत एवं सुशासन की स्थापना में अटल के योगदान को याद किया तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में अनुराधा, डा.संजीव कुमार, नजम उल रफी, डा.सुनील कुमार, डा.बृजेंद्र सिंह, अमित कुमार, आकिब, छोटेलाल, नेहा सिंह, बलराम आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रतियोगिता संयोजक डा. रीतेश कुमार खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

राजकीय हाईस्कूल में कॅरियर गाइडेंस मेला लगा

## छात्र-छात्राओं ने कॅरियर से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए



**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा के राजकीय हाईस्कूल में कॅरियर गाइडेंस मेला वार्षिक उत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्रा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान वीरेंद्र जैन ने दीप प्रज्वलन किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत नाटक एवं देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्रों द्वारा शिक्षा के महत्व एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत कि गई। छात्र-छात्राओं द्वारा कॅरियर से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए गए जिनका अतिथियों द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दौरान बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा अनामिका राजपूत कुमारी, चुलबुली एवं चांदनी को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिक सत्र में शैक्षिक, सांस्कृतिक खेलकूद और अन्य सह पाठ्यक्रम प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रधानाचार्य एवं अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सक डा.मान्सी चौबे, डा. महेंद्र सिंह एड., इंजी.समर सिंह, बैंक प्रबंधक दीपेंद्र विश्वकर्मा, शैलेश गौर ने अपने-अपने क्षेत्र के रोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह, स्वाति सेन, दीपा, क्रान्ति, लवकुश तिवारी, सहदेव राजपूत अभिभावक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। संचालन शिखा सिंह ने व आभार प्रधानाचार्य अर्पिता जैन ने अतिथियों का आभार जताया।

### सुधासागर इंटर कॉलेज में नेत्र शिविर संपन्न

ललितपुर। तालाबपुरा डोंडाघाट स्थित श्री सुधासागर बालिका इंटर कॉलेज में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जैन मिलन चन्द्रप्रभु डोंडाघाट के तत्वावधान में आयोजित इस नेत्र शिविर से अनेक मरीज लाभार्थियों को लाभ मिला। इस दौरान अध्यक्ष अन्तिम जैन ने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से जरूरतमंदों को लाभ मिलता है और समाज में भी जागरूकता आती है। इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सोनाली जैन व जैन समाज अध्यक्ष डा.अक्षय टड़ैया शामिल रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि क्षेत्र संख्या 13 अध्यक्ष श्रेयांश जैन व नारी गौरव अनीता मोदी मौजूद रहीं। शिविर को अतिथियों ने बड़ा ही उपयोगी बताया और आंखों की देखभाल करने का आह्वान किया। इस मौके पर अध्यक्ष अन्तिम जैन, कोषाध्यक्ष स्वीटी जैन, महामंत्री रानी जैन, संयोजक मोनिका जैन, सरोज, वर्षा, मेघा, सारिका, वन्दना, निधि, मोनिका, सुमन, संजना, राजकुमारी, प्रीति, रूचि, अंशु, किरन, श्वेता, रश्मि, सुलोचना, नीलू, मणी, ममता आदि मौजूद रहे। शिविर का सफल संचालन सोनम सिमरिया ने किया।

---

निरंकारी सत्संग भवन में हुआ कार्यक्रम

## प्रेमाभक्ति ईश्वर प्राप्ति का सरलतम मार्गः ज्ञानेश्वर



**ललितपुर।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से निरंकारी सत्संग का आयोजन संत निरंकारी शाखा मंडल ललितपुर में ब्रम्हज्ञानी संत ज्ञान प्रचारक ज्ञानेश्वर (देहरादून) के सानिध्य में किया गया। निरंकारी सत्संग में देहरादून से आए ब्रम्हज्ञानी संत ज्ञान प्रचारक ज्ञानेश्वर ने मंगलकारी वचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए दिव्य संदेश में फरमाया कि संसार में विचरण करते हुए जब हम अपने सीमित दायरे से सोचते हैं तो केवल कुछ ही लोगों से रुबरु हो पाते हैं, किन्तु ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी से जब हम इस परमपिता परमात्मा संग जुड़ते है तब हम सही अर्थो में सभी से प्रेम करने लगते हैं। यही प्रेमाभक्ति ईश्वर प्राप्ति का सरलतम मार्ग है। भक्ति की परिभाषा को एक नया दृष्टिकोण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि जीवन के हर क्षण को भक्ति में बदल दिया जाए, तो अलग से पूजा का समय निकालने की आवश्यकता ही नहीं रहती। यही विचारधारा जब व्यापक रूप ले लेती है तो सबके प्रति निस्वार्थ सेवा और प्रेम की भावना को जाग्रत करती है। आपने संतों के संग और ध्यान (सुमिरण) को आत्मा की गहराई से जोडऩे का सरल माध्यम बताया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप समुद्र की गहराई और शांति को सहनशीलता और विनम्रता का सुंदर प्रतीक बताया। जिस प्रकार समुद्र अपने अंदर सब कुछ समेटे हुए होता है फिर भी शांत अवस्था में रहता है ठीक उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने भीतर सहिष्णुता और विशालता विकसित करनी चाहिए। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

---

समान कार्य का समान वेतन और पुरानी पेंशन बहाली की मांग

## कंपोजिट स्कूल से बढ़ेगी बेरोजगारी, शराब की दुकान तक ही सीमित रखें : डा. यादव

**ललितपुर।** उप्र विधान परिषद में सपा सदस्य डा.मानसिंह यादव ने शिक्षा से जुड़े अहम मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी, शिक्षामित्रों की दुर्दशा, कंपोजिट विद्यालय व्यवस्था और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

डा.यादव ने सदन को बताया कि प्रदेश में प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में लगभग 1 लाख 20 हजार पद रिक्त हैं, जबकि माध्यमिक शिक्षा में करीब 20 हजार पद खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर रिक्त पद होने के बावजूद सरकार गंभीर नहीं है।उन्होंने कंपोजिट विद्यालयों का विरोध करते हुए कहा कि इससे बेरोजगारी बढ़ेगी और शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। तंज कसते हुए कहा, कंपोजिट विद्यालय नहीं होने चाहिए, हां कंपोजिट शराब की दुकान हो सकती है, लेकिन विद्यालय नहीं। शिक्षामित्रों के मुद्दे पर भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि समान कार्य के बावजूद समान वेतन न मिलने के कारण शिक्षामित्र मानसिक तनाव में हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। अगर समय रहते समान कार्य का समान वेतन लागू किया गया होता, तो यह स्थिति नहीं आती।डॉ. मानसिंह यादव ने कहा किशिक्षामित्र गांव के सबसे पढ़े-लिखे, टॉपर युवा होते थे।

सरकार ने उन्हें शिक्षक की जिम्मेदारी तो दी, लेकिन अधिकार और वेतन नहीं दिया।उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कमलेश तिवारी, सूर्य प्रकाश सिंह और रामबाबू कनौजिया जैसे हजारों शिक्षामित्रों की मौत सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती का मुद्दा उठाया आगे कहा कि 2018 से शिक्षकों के प्रदेश में भर्ती नहीं हुई है।

---

## निष्क्रिय पदाधिकारियों को किया जाएगा कांग्रेस से बाहर



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की कोर कमेटी की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिले के कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि जिले व नगर आयोजित होने बाले कांग्रेस के कार्यक्रमों व संगठन में जो पदाधिकारी उपेक्षा कर रहे तथा पद लेकर भी संगठन का काम नहीं कर रहे, ऐसे पदा अधिकारियों को अन्तिम बार चेतावनी दी जा रही की या तो पार्टी के दिए गए निर्देशों का पालन कर करे व वह सभी पार्टी के कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, वरना उन पर अनुशात्मक कार्यवाही करके उनको पद से मुक्त कर दिया जायेगा और उनके स्थान पर पार्टी के दूसरे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को पद दे दिया जायेगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओ को चेतावनी दी कि बैठक में उपस्थित नहीं होने का साक्ष्य सहित उचित कारण बताने एवं लिखित रूप से 25 दिसम्बर तक स्पष्ट करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जायेगी। बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, डा.खेमचंद्र, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मु.इमरान, रामसिंह, खलक सिंह आदि उपस्थित थे।

---

सेन समाज का द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह संपन्न

## शिक्षा जीवन के विकास का द्वार खोलती है : गुप्ता

**ललितपुर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उप्र के तत्वावधान में आयोजित सेन समाज का द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह होटल ललित पैलेस के ग्राण्ड सिद्धि में सम्पन्न हुआ, जिसमें सेन समाज की मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता इंजी.राजेश कुमार गुप्ता रहे। जबकि अध्यक्षता पीडब्ल्युडी के सहायक अभियंता इंजी.जयप्रकाश खरे ने की। विशिष्ट अतिथि रिटा.रेलवे श्रीराम सेन, रिटा. प्रधानाध्यापक मोतीलाल नापित, अध्यक्ष राकेश कुमार सेन, भरतलाल सेन रिटा.आयकर विभाग, रिटा.प्रधानाध्यापक सुखलाल सेन, रघुवीर सेन, बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति सचिव गीता सेन, शिक्षक संतोष कुमार सेन रहे। सर्व सम्मति से सभी अतिथियों का मल्यार्पण, पगड़ी, शॉल-बैज एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने स्वागत संबोधन किया। सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि इंजी.राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा जीवन को विकास का द्वार खोलती है।



शिक्षित मेधावी छात्र-छात्रा अपने जीवन को प्रगति की राह की ओर अग्रसर करता है। शिक्षा से प्रगतिशीलता को नये स्थान एवं अवसर प्राप्त होते हैं। शिक्षा से ही मेधावी अपने परिवार समाज देश का नाम गौरवान्वित करते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि समाज के प्रत्येक परिवार की जिम्मेवारी है कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उनके जीवन के भविष्य का कुशल मार्गदर्शन करें। तभी समाज प्रगति की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा के प्रति जितनी जिम्मेवारी से हम कार्य करेंगे, उतनी ही विकास की गति प्रगतिशील होगी और सामाजिक विकास भी प्रगति की श्रेणी में अपना स्थान प्राप्त कर सकेगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे इंजी. जयप्रकाश खरे ने कहा कि यदि मेधावी छात्र-छात्रा अपनी लगन से पढ़ाई करें तो उनका जीवन सुखमय होगा और शिक्षा संपूर्ण जीवन को सुखमय बनाती, जिससे आप अपने अधिकार स्वयं प्राप्त कर अपना जीवन खुशहाल लगेगा। शिक्षा पर सभी को गर्व प्रसन्नता की अनुभूति होती है। इस अवसर पर रिटा. प्रधानाध्यापक मोतीलाल नापित, संतोष कुमार सेन, दयाराम सेन, सचिव गीता सेन, सौरभ सेन ने भी संबोधित किया।

शंकरलाल सेन, हरिकिशन सेन, कीरत सेन, रमेश कुमार सेन, वीरेन्द्र सेन, आशाराम सेन, राजेन्द्र कुमार सेन, उत्तमचंद्र, कुन्दनलाल, जितेन्द्र सेन, सुनील सेन, गौरव सेन, दीपक सेन, राजू सेन, चक्रेश सेन, गंगाप्रसाद सेन, जयकुमार सेन, बृजेश सेन, हरदयाल सेन, संतोष सेन, मयंक सेन, प्रकाश नारायण सेन, रघुवीर सेन, महेश कुमार सेन, रामेश्वर सेन, सुनीता सेन, रामदेवी सेन, लक्ष्मी सेन, नेहा सेन, नीतू कुशवाहा, कैलाश नारायण सेन, आशीष कुमार सेन, अभिषेक सेन आदि मौजूद रहे। संचालन दयाराम सेन ने किया। अध्यक्ष राकेश कुमार सेन ने आभार व्यक्त किया।

दो घंटे चले धरना प्रदर्शन उपरांत नारेबाजी करते हुए निकाली रैली, पहुंचे कलेक्टोरेट

# ई-अटेंडेंस के विरोध में मुख्यालय पर जुटे सैंकड़ों शिक्षक, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राज्य शिक्षक संघ से जुड़े जिले के सैंकड़ों शिक्षकों ने इस बार अपनी मांगों के संबंध में अलग रुख अख्तियार किया। स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो इसको देखते हुए संघ से जुड़े जिले के सैकड़ों शिक्षक रविवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में धरना दिया। करीब 2 घंटे तक चले धरना, प्रदर्शन एवं सभा के उपरान्त सभी शिक्षकगण नारेबाजी करते हुए एक अनुशासित रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में शिक्षा विभाग में अनिवार्य की गई ई-अटैंडेंस प्रणाली को पूर्णतः खत्म किए जाने की मांग रखी गई।

### शिक्षक समुदाय की निजी जानकारी हो रही लीक

संघ पदाधिकारियों व सदस्यों ने सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि ई-अटेंडेंस प्रणाली व्यवहारिक दृष्टि से कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर रही हैं। इससे शिक्षकों का निजी एवं विभागीय डेटा निजी संस्था, निजी एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है जिससे गोपनीयता खत्म हो रही है और भविष्य में शिक्षकों के साथ किसी भी तरह के फ्रॉड इत्यादि की पूरी संभावना है। इसके साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जिले के अधिकांशविद्यालय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है। इंटरनेट एवं नेटवर्क जैसी तकनीकी समस्याओं की वजह से जिन शिक्षकों की ऑनलाईन अटेंडेंस नहीं लग पाती उन्हें विभाग नोटिस थमाने, वेतन रोकने सहित अन्य दंडात्मक कार्यवाहियां कर रहा है।

### पूर्व में हुई कार्यवाहियों को निरस्त करने की मांग

ज्ञापन में मांग रखी गई कि ई-अटेंडेंस न लगने के चलते पूर्व में जिन शिक्षक साथियों पर विभिन्न तरह की कार्यवाहियां की गई हैं, उन आदेशों को तुरंत निरस्त किया जाए। साथ ही कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भी अविलंब भुगतान किया जाए। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों में मुकेश विजयवर्गीय, राधेश्याम पुरवैया, नाहिद खान, जगदीश किरार, योगेंद्र मंडलोई, वंदन दासोरे, राजेश शर्मा, रामकरण मालवीय, ईश्वर सिंह चौहान, रामकृष्ण वर्मा आदि उपस्थित थे।

तत्कालीन कलेक्टर के प्रयासों से हुआ था यह नवाचार

# देखरेख के अभाव में उजड़ी डाइट परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका




**राजगढ़।** स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में कुछ वर्षों पूर्व ग्रह एवं नक्षत्रों की परिकल्पना के आधार पर नक्षत्र वाटिका डेवलप की गई थी। तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के प्रयासों के बाद डाईट से ही जुड़े कर्मचारियों ने नक्षत्र वाटिका को सुंदर एवं आकर्षक रूप देने यहां ग्रहों के आधार पर विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे थे। लेकिन, ये पौधे पल्लवित होकर पेड़ बन पाते उसके पहले ही उचित देखरेख के अभाव में यह वाटिका पूरी तरह उजड़ चुकी है। कोई भी पौधा वृक्ष नहीं बन पाया है। इन पौधों में पानी देनेएक विशेष तकनीक भी वाटिका के लिए विकसित करवाई गई थी। लेकिन, उस तकनीक का इस्तेमाल नहीं किए जाने एवं डाईट सहित अन्य जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते वाटिका अब महज शोपीस बनकर

### ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर रौपे गए थे पौधे

इस नक्षत्र वाटिका में ग्रहों के नाम और उनसे संबंध रखने विभिन्न किस्मों के अनेकों पौधे जैसे नागकेशर, भोजपत्र, आंवला, गुडहल, जामुन आदि रौपे गए थे। लेकिन, एक भी पौधा पनप नहीं पाया और वर्तमान स्थिति में यह वाटिका पूरी तरह उजाड़ नजर आ रही है। अगर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी प्रयास करें तो इस वाटिका को पुनः जीवंत रूप प्रदान करते हुए एक आकर्षक रूप दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस वाटिका के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की काफी सराहना की थी।

## एक दिवसीय भगवत कथा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

**ब्यावरा।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दू सम्मेलन व एक दिवसीय भागवत कथा ग्राम करेड़ी में मंडी परिसर में सम्पन्न हुई भागवत कथा वाचक गुरुदेव प्रेम नारायण गेहूं खेड़ी ने बताया की मनुष्य को अपने जीवन का यहां नियम बना लेना चाहिए की भगवान की भक्ति के साथ संसार की सेवा हो जाए वहीं कथा में कहा गया कि



एक माला सरहद पर बेटे हमारे देश के सैनिक उन के लिए भी जापनी चाहिए जिससे उन को शक्ति प्रधान हो ओर ओ सीमा पर रहकर हमारे देश की रक्षा करे

कथा में गुरुदेव ने बताया कि भक्त मीरा बाई ने कितनी कठिनाई में भी ईश्वर की भक्ति की ओर कृष्ण को पा लिया था एक दिवसीय कथा में दूर दराज राजस्थान सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु हजरों की संख्या में धर्म लाभ लेने पहुंचे। वहीं कथा के बाद महा आरती उतारी गई और महाप्रशादी वितरण की गई।

# सप्त शक्ति संगम के द्वितीय सोपान में नारी शक्ति का विराट स्वरूप, मातृशक्तियों की सहभागिता से गूंजा विद्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

विद्या भारती के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती कॉलोनी कालापीपल में आयोजित सप्त शक्ति संगम के द्वितीय सोपान का आयोजन मातृशक्ति के उत्साह, भारतीय संस्कारों और नारी गरिमा के भाव से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 1000 से अधिक मातृशक्तियों ने सहभागिता की। विद्यालय परिसर में ऐतिहासिक नारी शक्तियों की चित्र प्रदर्शनी तथा द्वादश ज्योतिर्लिंगों सहित भारत दर्शन की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।



मुख्य वक्ता डॉ. पिंकी हार्डिया ने अपने ओजस्वी संबोधन में नारी के सप्त गुण—कीर्ति, श्री, वाक, मेधा, स्मृति, धृति और क्षमा—का वर्णन करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण में मातृशक्ति की भूमिका तथा अन्नप्राशन संस्कार के महत्व पर भी विचार रखे। कार्यक्रम की प्रस्तावना सप्तशक्ति संगम की पालक अनीता राजपूत ने प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने नारी को संस्कारों की संवाहिका बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीति उपाध्याय ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, सामूहिक गीत तथा वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, पद्मावती, देवी सीता, मीराबाई और जीजामाता के जीवन प्रसंगों पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इसी क्रम में एक अभिभावक मातृशक्ति द्वारा स्वयं जीजामाता का स्वरूप धारण कर अपने नन्हे बच्चों को छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में मंच पर प्रस्तुत करना कार्यक्रम का अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायी क्षण रहा, जिसने मातृत्व, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के जीवंत दर्शन कराए। कार्यक्रम में कुटुंब माता सम्मान के अंतर्गत शांताबाई पाटीदार, कमलेश मेवाड़ा एवं भगवतीबाई मेवाड़ा को सम्मानित किया गया। वहीं रामकाज मातृशक्ति सम्मान के अंतर्गत अयोध्या राम मंदिर निर्माण हेतु कार सेवा में सहभागिता निभाने वाली मातृशक्तियां राजकुंवर पाटीदार, किरण पाटीदार एवं निर्मला पाटीदार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष कमल सिंह परमार, व्यवस्थापक गोवर्धन पाटीदार, समिति सदस्य मनोज जैन, प्राचार्य प्रवीण देशपांडे, प्रधानाचार्य सुभाष काले एवं अंग्रेजी माध्यम प्रभारी राजेंद्र देशमुख की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# सीता-सावित्री जैसे आदर्श स्थापित करें : अनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

मालवा प्रांत विद्या भारती एवं ग्राम भारती के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, लसूडिया गोरी में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अनीता भगवत राजपूत, पार्षद नगर परिषद पानखेड़ी (कालापीपल) ने मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नारी ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक समाज और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि सीता, सावित्री, गार्गी एवं मैत्रेयी जैसे आदर्शों से प्रेरणा लेकर आज की मातृशक्ति को परिवार और बच्चों में ऐसे संस्कारों का बीजारोपण करना चाहिए, जिससे समाज सशक्त बने और राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि आज मातृशक्ति सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही




है, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य-दीदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य रितेश पाटीदार एवं ब्रजलता धाकड़, ज्योति भारती विद्यालय संयोजक जीतमल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अनिता भगवत राजपूत द्वारा मातृशक्तियों को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प दिलाया।

# शीतकालीन सेवा अभियान के तहत खुशियों का ओटला ने जरूरतमंदों को बांटी शॉल



**ब्यावरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' द्वारा ब्यावरा शहर में शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। संस्था की ओर से इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरित कर ठंड से राहत पहुँचाई गई। इस सेवा कार्यक्रम में संस्था द्वारा जन सहयोग से प्राप्त 200 शॉल जरूरतमंदों को वितरित की गईं, वहीं 90 बच्चों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें सुरक्षित व आराम मिल सके। संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'शीतकालीन सेवा अभियान' के अंतर्गत इस वर्ष 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था के अनुसार अब तक 560 शॉल जरूरतमंदों तक पहुँचाई जा चुकी हैं, जबकि शेष शॉल का वितरण आने वाले दिनों में शहर एवं आसपास के जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि यह अभियान गरीब वा जरूरतमंद उन लोगों तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो सर्दी के मौसम में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सामाजिकजनों के सहयोग से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है वही सस्था के जीरापुर के स्टॉल पर भी निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है।

भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई

# विकास-सेवा और सुशासन के 2 वर्ष बेमिसाल

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सारंगपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक संवाद किया गया।कार्यशाला के दौरान लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रेरणादायी संबोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। उनके विचारों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जाए उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक




सुदृढ़ किया। वक्ताओं ने सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को विकासए सेवा और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरपूर बताया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी द्वारा एसआईआर यस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनद्ध कार्य में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं संगठन विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संदेश देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, एसआईआर जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

राज्यमंत्री टेटवाल ने किया मार्गदर्शन

# बालिका छात्रावास में वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित



**सारंगपुर।** वर्तमान समय में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम हैए जो हमें सकारात्मक दिशा देने के साथ साथ नकारात्मक दिशा की ओर भी मोड़ सकता है। इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझकर और सकारात्मक उद्देश्य से करना चाहिए। हमारी बहनें आज हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रही हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भी हमने बहनों की ताकत देखी है। देश की रक्षा से लेकर बड़े बड़े पदों तक आज बहनें कार्य कर रही हैं। आप सभी को भी आगे बढ़कर देश का नेतृत्व करना है। उक्त विचार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने बालिका छात्रावास द्वारा आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्रावास अधीक्षक रजनी व्यास ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। इस अवसर पर छात्रावास की छात्राओं द्वारा गणपति वंदनाए स्वागत गीतए स्वागत नृत्यए नाटक एवं स्वरचित गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कक्षा 11वीं की छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद भी शिक्षा की यात्रा निरंतर जारी रहनी चाहिए और सभी को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए।

एक साल पहले ही भरभरा कर गिरा था नदी केचमेंट ऐरिया में बन रहा मकान, हुई थी 1 मौत

रसूक के चलते नियमों को ताख पर रख हो रहा मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण

# फिर बन गई डूबग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत

पूर्व में भी हो चुकी है डूब क्षेत्र में बिल्डिंग गिरने की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगरपालिका का वार्ड नंबर 3 एवं ग्राम पंचायत जामुनिया घाटा के गांव नयापुरा जैसे डूब क्षेत्र में नियमों को ताख पर रखकर मकानों व बहुमंजिला इमारतों का निर्माण लगातार होता जा रहा है। जहां पर यह बहुमंजिला इमारत बन रही है वहां से अजनार नदी की दूरी मात्र 15 से 20 मीटर ही होगी। ऐसी स्थिती में ग्राम पंचायत ने डूब क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत बनाने की अनुमति कैसे दे दी जबकि बारिश के समय यह रास्ता हर साल बंद होता है और बाढ़ के पानी का भराव बन रही बिल्डिंग एरीया तक भी होता है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी इसी पंचायत के नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में ही बन रही एक बहुमंजिला इमारत धराशाही हो गई थी जिसमें दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। फिर ऐसा क्या लालच है की सरपंच मौत के महलों को बनाने की अनुमति दे रहे हैं। जबकि हर साल बारिश में जो रास्ता बंद हो जाता है और बाढ़ का पानी भी उस जमीन तक पहुंच जाता है जहां वह निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में होने वाली दुर्घटना का जिम्मेदार कौन होगा ?



अजनार नदी के किनारे शिवधाम कॉलोनी के पास नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में 2024 में राजू सौंधिया की बहुमंजिला इमारत गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। इसके बाद भी जामुनिया घाटा पंचायत ग्रामीण क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत का निर्माण लगातार जारी है। जबकी यही क्षेत्र नगरपालिका ब्यावरा के वार्ड नंबर 3 में आता है परंतु इमारत के ऑनर ने कोई अनुमति नगरपालिका से नहीं ली। ऐसे में समझा जा सकता है कि ग्राम पंचायत से सांठ-गांठ कर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस अवैध निर्माण की जांच कर सख्त कार्रवाई करना चाहिए जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटना पर लगाम लगाई जा सके।

### नदी से मात्र 15-20 मीटर की दूरी पर बन रही यह इमारत

बैसे तो अजनार नदी के डूब क्षेत्र में आने वाली जगहों पर कई मकान बने हुए है जिन पर राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है। इसी तर्ज पर अब राजनैतिक रसूक रखने वालों ने बहुमंजिला इमारत बनाकर प्रशासन को जैसे एक ओर तमाचा मारा है। हैरत की बात यह है कि रजिस्ट्रार के पास भी यह क्षेत्र डूबग्रस्त है फिर भी रजिस्ट्री हो रही है और निर्माण भी। न कोई देखने वाला है और न ही कोई रोकने वाला। यदि अजनार नदी से इमारत के पिछले हिस्से की दूरी नापी जाए तो 15-20 मीटर की दूरी पर यह निर्माण हो रहा है जो कि नियम विरूद्ध है।

### इनका कहना है...

ब्यावरा के पूर्व एसडीएम की गाइड लाइन के हिसाब से नदी से 30 मीटर की दूरी को डूब क्षेत्र का दायरा माना गया था। अब देखना है कि यह इमारत कितनी दूरी पर बन रही है।

**सुरेश दांगी, पटवारी जामुनिया घाटा**

बिल्डिंग बनाने की अनुमति हमारी पंचायत ने दी है।

**हिम्मत सौंधिया सरपंच जामुनिया घाटा**

नगरपालिका से किसी भी तरह के भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी गई है। मैं इसको दिखवाता हूं।

**इकरार अहमद सीएमओ ब्यावरा**

# बीजामंडल मंदिर मुक्ति को लेकर युवाओं का पोस्टकार्ड अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बीजामंडल मंदिर की मुक्ति एवं हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर रविवार को युवाओं ने नगर में पोस्टकार्ड जन-जागरूकता अभियान शुरू किया। अभियान के तहत नगरवासियों से पोस्टकार्ड लिखवाकर शासन और पुरातत्व विभाग तक अपनी मांग पहुंचाई गई। सैकड़ों नागरिकों ने स्वेच्छा से पोस्टकार्ड लिखकर समर्थन दर्ज कराया। युवाओं का कहना है कि बीजामंडल ऐतिहासिक रूप से प्राचीन मंदिर रहा है, किंतु वर्तमान पहचान ऐतिहासिक तथ्यों और जनभावनाओं के विपरीत है। पोस्टकार्डों में मस्जिद शब्द हटाने और विधिवत पूजा का अधिकार देने की मांग की गई। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को बीजामंडल के इतिहास से अवगत कराया गया। अभियान से जुड़े शुभम वर्मा, मनोज कौशल, अरुण शर्मा ने बताया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है।